सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

संदेश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि विदेश मंत्रालय तथा विदेश स्थित सभी भारतीय दूतावासों द्वारा प्रत्येक वर्ष दस जनवरी का दिन विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मेरी हार्दिक बधाई।

हिंदी, अपने गौरवशाली इतिहास के साथ, वैश्विक मंच पर आज एक महत्वपूर्ण भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। विश्व के विविध देशों में हिंदी सीखने में निरंतर रूचि बढ़ रही है। आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार में तकनीक और सूचना प्रौद्योगिकी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा के साथ हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में भी और अधिक गति आएगी।

सभी हिंदी प्रेमियों तथा हिंदी भाषियों को शुभकामनाएं देते हुए मैं आशा करता हूं कि हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में आप सब और अधिक समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली

20 दिसंबर, 2017